Bharat Temples

होने नहीं दे कभी तेरी हार,
मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार,
यहाँ दीन दुखियों को मिलता है प्यार,
मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार।।

तर्ज आँखों में नींदे ना।

कोई किसी का ना यहाँ,
झूठा ज़माना,
सच्चा द्वार सांवरे का,
सबका ठिकाना,
नाम श्याम का जिसने भी लिया,
श्याम ने उसे गिरने ना दिया,
विपदा से लेता है सबको उबार,
होने नही दे कभी तेरी हार,
मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार।।

बिन कहे ही दिल के ये,
जज़्बात जान ले
थाम ले उसे जो,
श्याम श्याम नाम ले,
श्याम की कृपा से जो है पले,
रूठे ना कभी उनसे मंज़िलें,
करते हैं उम्र भर वो बस ये एतबार,
होने नही दे कभी तेरी हार,

मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार।।

परखे ये विश्वास आस,
श्याम से रखना,
होगा सच जो देखती,
आँखें तेरी सपना,
देर हो भले अंधेर पर नहीं,
ये ना सोचना इसको खबर नहीं,
गोलू तेरी हर ख्वाहिशें,
जाने लखदातार
होने नही दे कभी तेरी हार,
मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार।।

होने नहीं दे कभी तेरी हार,
मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार,
यहाँ दीन दुखियों को मिलता है प्यार,
मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार।।

Singer Gudiya Vibha Mishra

Source: https://www.bharattemples.com/hone-nahi-de-kabhi-teri-haar-bhajan/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw